www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**18/HV/M–2023–10**

**Booklet Series**

**A**

**Candidate's Roll Number**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**Serial No.**

Question Booklet

# GENERAL STUDIES AND PRAKRIT

**Paper—4**

**Time Allowed : 2 Hours**

**Maximum Marks : 120**

**Read the following instructions carefully before you begin to answer the questions.**

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Booklet is divided into two Parts—Part–I and Part–II. Part–I contains questions of **GENERAL STUDIES** and Part–II contains questions of **PRAKRIT**.
2. **Part–I** consists of Question Nos. **1** to **40** (the questions and their responses are printed in English and Hindi versions both) and **Part–II** consists of Question Nos. **41** to **120**.
3. **All** questions carry equal marks.
4. Attempt questions from Part–I and Part–II.
5. **Immediately after commencement of the examination, you should check up your Question Booklet and ensure that the Question Booklet Series is printed on the top right-hand corner of the Booklet. Please check that the Booklet contains 32 printed pages including four pages (Page Nos. 28 to 31) for Rough Work and no page or question is missing or unprinted or torn or repeated. If you find any defect in this Booklet, get it replaced immediately by a complete Booklet of the same series.**
6. You must write your Roll Number in the space provided on the top of this page. Do not write anything else on the Question Booklet.
7. An Answer Sheet will be supplied to you separately by the Invigilator to mark the answers. **You must write your Name, Roll No., Question Booklet Series and other particulars in the space provided on Page–1 of the Answer Sheet provided, failing which your Answer Sheet will not be evaluated.**
8. You should encode your **Roll Number** and the **Question Booklet Series A, B, C or D** as it is printed on the top right-hand corner of the Question Booklet with Black/Blue ink ballpoint pen in the space provided on **Page–2** of your Answer Sheet. **If you do not encode or fail to encode the correct series of your Question Booklet, your Answer Sheet will not be evaluated correctly.**
9. Each question comprises of **five** responses—(A), (B), (C), (D) and (E). You are to select ONLY ONE correct response and mark it in your Answer Sheet. Your total marks will depend on the number of correct responses marked by you in the Answer Sheet.
10. In the Answer Sheet, there are **five** circles—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ against each question. To answer the questions, you are to mark with Black/Blue ink ballpoint pen ONLY ONE circle of your choice for each question. Select only one response for each question and mark it in your Answer Sheet. If you mark more than one answer for one question, the answer will be treated as wrong. **Use Black/Blue ink ballpoint pen only to mark the answer in the Answer Sheet. Any erasure or change is not allowed.**
11. For each question for which a wrong answer has been given by the candidates, **one-fourth** of the marks assigned to that question will be deducted as **penalty**.
12. You should not remove or tear off any sheet from the Question Booklet. You are not allowed to take this Question Booklet and the Answer Sheet out of the Examination Hall during the examination. **After the examination has concluded, you must hand over your Answer Sheet to the Invigilator.** Thereafter, you are permitted to take away the Question Booklet with you.
13. Failure to comply with any of the above instructions will render you liable to such action or penalty as the Commission may decide at their discretion.
14. Candidates must assure before leaving the Examination Hall that their Answer Sheets will be kept in Self Adhesive LDPE Bag and completely packed/sealed in their presence.

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर छपा है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART—I

## ( GENERAL STUDIES )

**1.** How many three-digit numbers are divisible by 5?

(A) 180

(B) 200

(C) 120

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**2.** The value of

$$\left(1+\frac{1}{2}\right)\left(1+\frac{1}{3}\right)\left(1+\frac{1}{4}\right)\cdots\left(1+\frac{1}{120}\right)$$

is

(A) 60·5

(B) 30·0

(C) 40·5

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**3.** The distance between Delhi and Agra is 200 km. Suppose you are travelling from Delhi to Agra by a car. If you can maintain an average speed of 90 km/hr for 120 km and 40 km/hr for the remaining distance, how much time will you take, on average, to reach Agra?

(A) 3 hr 20 min

(B) 3 hr 30 min

(C) 4 hr 45 min

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**4.** 10% loss on selling price is what percent loss on cost price?

(A) $9\frac{1}{11}\%$

(B) $9\frac{2}{11}\%$

(C) 10%

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**5.** A pizza boy delivered two-fifths of his pizzas on day 1, three-fourths of his pizzas on day 2 and $\frac{9}{16}$ of his pizzas on day 3. On which day did he deliver the most pizzas if he had the same number of pizzas in the beginning of each day?

(A) Day 1

(B) Day 2

(C) Day 3

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**6.** The cost of carpeting a room 18 m long with a carpet 75 cm wide at ₹ 4·50 per metre is ₹ 810. The breadth of the room is

(A) 7 m

(B) 7·5 m

(C) 8 m

(D) More than one of the above

(E) None of the above

## PART—I

## ( GENERAL STUDIES )

**1.** तीन अंकों की कितनी संख्याएँ 5 से विभाज्य हैं?

(A) 180

(B) 200

(C) 120

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**2.** $\left(1+\frac{1}{2}\right)\left(1+\frac{1}{3}\right)\left(1+\frac{1}{4}\right)\cdots\left(1+\frac{1}{120}\right)$ का मान है

(A) 60·5

(B) 30·0

(C) 40·5

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**3.** दिल्ली और आगरा के बीच की दूरी 200 कि॰ मी॰ है। मान लीजिए आप दिल्ली से आगरा एक कार द्वारा जा रहे हैं। यदि आप 120 कि॰ मी॰ के लिए औसत गति 90 कि॰ मी॰/घं॰ और बाकी दूरी के लिए औसत गति 40 कि॰ मी॰/घं॰ बनाए रखते हैं, तो आपको आगरा पहुँचने में औसतन कितना समय लगेगा?

(A) 3 घंटा 20 मिनट

(B) 3 घंटा 30 मिनट

(C) 4 घंटा 45 मिनट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** विक्रय मूल्य पर 10% की हानि, लागत मूल्य पर कितने प्रतिशत की हानि है?

(A) $9\frac{1}{11}\%$

(B) $9\frac{2}{11}\%$

(C) 10%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**5.** एक पिज्जा वाला पहले दिन दो-पाँचवें पिज्जा, दूसरे दिन तीन-चौथाई पिज्जा और तीसरे दिन $\frac{9}{16}$ पिज्जाओं का वितरण करता है। यदि प्रत्येक दिन की शुरुआत में उसके पास समान संख्या में पिज्जा थे, तो उसने किस दिन सबसे अधिक पिज्जा वितरित किए?

(A) पहले दिन

(B) दूसरे दिन

(C) तीसरे दिन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**6.** 18 मीटर लम्बे एक कमरे में, 75 से॰ मी॰ चौड़े गलीचे का उपयोग करके, गलीचा बिछाने की लागत ₹ 4·50 प्रति मीटर की दर से ₹ 810 है। कमरे की चौड़ाई है

(A) 7 मीटर

(B) 7·5 मीटर

(C) 8 मीटर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** Two persons $A$ and $B$ complete a task in 15 days, when they work together. Person $A$ completes the task in 20 days if he works alone. How many days will $B$ take to finish the task alone?

(A) 35 days

(B) 25 days

(C) 60 days

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**8.** The sum of the numerator and denominator of a fraction is 11. If 1 is added to the numerator and 2 is subtracted from the denominator, it becomes $\frac{2}{3}$. The fraction is

(A) $\frac{5}{6}$

(B) $\frac{6}{5}$

(C) $\frac{3}{8}$

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**9.** An isotropic source of 2 candela produces light flux equal to

(A) $2\pi$ lumen

(B) $4\pi$ lumen

(C) $8\pi$ lumen

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**10.** The spray bottles used as window or household cleaner or perfume sprayer work on

(A) capillary action

(B) Bernoulli's principle

(C) Pascal's law

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**11.** The trade name of basic lead carbonate is

(A) white lead

(B) red lead

(C) litharge

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**12.** Which of the following elements has the largest atomic radius?

(A) Lithium

(B) Beryllium

(C) Boron

(D) More than one of the above

(E) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** दो व्यक्ति $A$ और $B$ एक काम को 15 दिनों में पूरा कर देते हैं, यदि वे एक साथ काम करते हैं। व्यक्ति $A$ अकेला उसी काम को 20 दिनों में पूरा कर देता है। यह काम अकेला $B$ कितने दिनों में पूरा कर पाएगा?

(A) 35 दिनों में

(B) 25 दिनों में

(C) 60 दिनों में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**8.** एक भिन्न के अंश और हर का योग 11 है। यदि अंश में 1 जोड़ दिया जाय और हर में से 2 घटा दिया जाय, तो यह $\frac{2}{3}$ हो जाता है। भिन्न है

(A) $\frac{5}{6}$

(B) $\frac{6}{5}$

(C) $\frac{3}{8}$

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**9.** 2 कैन्डेला का एक समदिक् स्रोत जितना प्रकाश फ्लक्स पैदा करता है, वह है

(A) $2\pi$ ल्यूमेन

(B) $4\pi$ ल्यूमेन

(C) $8\pi$ ल्यूमेन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** विंडो या घरेलू क्लीनर या पर्फ्यूम स्प्रेयर के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली स्प्रे बोतलें निम्नलिखित में से किस पर काम करती हैं?

(A) केशिका क्रिया

(B) बरनौली का सिद्धांत

(C) पास्कल का नियम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**11.** क्षारीय (बेसिक) लेड कार्बोनेट का व्यापारिक नाम है

(A) सफेदा (ह्वाइट लेड)

(B) सिंदूर (रेड लेड)

(C) लिथार्ज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**12.** निम्नलिखित में से किस तत्त्व की परमाणु त्रिज्या सबसे बड़ी है?

(A) लिथियम

(B) बेरिलियम

(C) बोरॉन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**13.** The phenomenon of photo-periodism in plants was discovered by

(A) Garner and Allard

(B) Steward and Salisbury

(C) Thimann and Skoog

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**14.** Silent Valley of Kerala is preserved because

(A) it contains very rare species of plants and animals

(B) the soil is rich in minerals

(C) the areas of land were used extensively for agriculture purposes

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**15.** During normal respiration in a mammal, the diaphragm is

(A) arched

(B) flattened

(C) lowered

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**16.** The most important cell type associated with the immunity of the body is

(A) platelets

(B) lymphocytes

(C) RBCs

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**17.** The book entitled, *Gyan Deepak* was authored by a great saint

(A) Salar Masood Ghazi

(B) Dariya Saheb

(C) Imam Shah Faqih

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**18.** Which agency in India has launched UTSAH portal?

(A) UGC

(B) AICTE

(C) MCI

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**19.** A. P. J. Abdul Kalam Satellite Launch Vehicle Mission was launched on

(A) 13th February, 2023

(B) 20th February, 2023

(C) 19th February, 2023

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**20.** In which city was the first pure green hydrogen plant commissioned?

(A) Hyderabad

(B) Mumbai

(C) Pune

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

**13.** पौधों में प्रदीप्तिकालिता की खोज करने वाले हैं

(A) गार्नर और एलार्ड

(B) स्टीवर्ड और सैलिसबरी

(C) थीमैन और स्कूग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**14.** केरल की शांत घाटी (साइलेंट वैली) संरक्षित है, क्योंकि

(A) इसमें पौधों और जानवरों की बहुत ही दुर्लभ प्रजातियाँ पाई जाती हैं

(B) मिट्टी खनिजों से भरपूर है

(C) कृषि प्रयोजनों के लिए भूमि के क्षेत्रों का बड़े पैमाने पर उपयोग किया जाता था

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15.** स्तनधारी में सामान्य श्वसन के दौरान डायाफ्राम होता है

(A) धनुषाकार

(B) चपटा

(C) नीचे धँसा हुआ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**16.** शरीर की प्रतिरोधक क्षमता से जुड़ी सबसे महत्त्वपूर्ण कोशिका प्रकार है

(A) प्लेटलेट

(B) लिम्फोसाइट

(C) आर० बी० सी०

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** *ज्ञान दीपक* नामक पुस्तक की रचना किस महान संत ने की थी?

(A) सालार मसूद ग़ाज़ी

(B) दरिया साहेब

(C) इमाम शाह फ़क़ीह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**18.** भारत में किस एजेंसी ने UTSAH पोर्टल का शुभारंभ किया है?

(A) यू० जी० सी०

(B) ए० आइ० सी० टी० ई०

(C) एम० सी० आइ०

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**19.** ए० पी० जे० अब्दुल कलाम सैटेलाइट लॉन्च वीहिकल मिशन को लॉन्च किया गया था

(A) 13 फरवरी, 2023 को

(B) 20 फरवरी, 2023 को

(C) 19 फरवरी, 2023 को

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**20.** किस शहर में प्रथम शुद्ध हरित हाइड्रोजन संयंत्र चालू किया गया था?

(A) हैदराबाद

(B) मुंबई

(C) पुणे

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** Which year has been declared by the UNO as the 'International Year of Millets'?

(A) 2023
(B) 2022
(C) 2024
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**22.** Who among the following won the 2022 Nobel Peace Prize?

(A) Ales Bialiatski
(B) Nadia Murad
(C) Maria Ressa
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**23.** Who is the Chairman of the State Commission for Backward Classes appointed by the Bihar Government on 2nd January, 2022?

(A) Justice Sanjay Kumar
(B) Justice Balmiki Prasad Sinha
(C) Justice Iqbal A. Ansari
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**24.** Which was the first movie in Bhojpuri?

(A) *Ganga Maiya Tohe Piyari Chadhaibo*
(B) *Kanyadan*
(C) *Nadiya Ke Paar*
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**25.** Arrange the following thermal power projects of India from east to west :

1. Kota
2. Namrup
3. Obra
4. Parichha

Select the correct answer using the codes given below.

(A) 1, 2, 3, 4
(B) 2, 4, 1, 3
(C) 2, 3, 4, 1
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**26.** Which type of climate is in India according to Trewartha?

(A) Savanna type
(B) Subtropical monsoon climate
(C) Mediterranean type
(D) More than one of the above
(E) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**21.** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा किस वर्ष को 'अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित किया गया है?

(A) 2023

(B) 2022

(C) 2024

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** निम्नलिखित में से किसने 2022 का नोबेल शांति पुरस्कार जीता?

(A) एलेस बियालियात्स्की

(B) नादिया मुराद

(C) मारिया रेसा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**23.** 2 जनवरी, 2022 को बिहार सरकार द्वारा नियुक्त राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?

(A) न्यायमूर्ति संजय कुमार

(B) न्यायमूर्ति बाल्मीकि प्रसाद सिन्हा

(C) न्यायमूर्ति इकबाल ए० अन्सारी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**24.** भोजपुरी की पहली फिल्म कौन-सी थी?

(A) *गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो*

(B) *कन्यादान*

(C) *नदिया के पार*

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** भारत के निम्नलिखित थर्मल पावर प्रोजेक्टों को पूर्व से पश्चिम दिशा में व्यवस्थित कीजिए :

1. कोटा
2. नामरूप
3. ओबरा
4. पारीछा

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(A) 1, 2, 3, 4

(B) 2, 4, 1, 3

(C) 2, 3, 4, 1

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**26.** ट्रिवार्था के अनुसार भारत की जलवायु किस प्रकार की है?

(A) सवाना प्रकार

(B) उपोष्ण मानसूनी जलवायु

(C) भूमध्यसागरीय प्रकार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**27.** What is the normal date of withdrawal of south-west monsoon at Hyderabad?

(A) 1st October

(B) 15th October

(C) 1st November

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**28.** Which of the following States has maximum urbanization?

(A) Goa

(B) Maharashtra

(C) Karnataka

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**29.** 'Malnad' region is associated with which of the following plateaus of India?

(A) Telangana Plateau

(B) Maharashtra Plateau

(C) Karnataka Plateau

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**30.** South Peninsular Upland is a part of

(A) Gondwana Land

(B) Laurentia Land

(C) Antarctica Continent

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**31.** The percentage of population of Bihar with respect to India's total population is

(A) 8·58%

(B) 10·10%

(C) 12·25%

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**32.** Which of the following pairs is ***not*** correctly matched with respect to south of Ganga region in Bihar?

(A) Patna–Munger

(B) Gaya–Arwal

(C) Patna–Vaishali

(D) More than one of the above

(E) None of the above

Prepp
Your Personal Exams Guide

**27.** हैदराबाद में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापिसी की सामान्य तिथि क्या है?

(A) 1 अक्तूबर

(B) 15 अक्तूबर

(C) 1 नवम्बर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** निम्नलिखित में से किस राज्य में नगरीकरण सर्वाधिक है?

(A) गोवा

(B) महाराष्ट्र

(C) कर्नाटक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** 'मालनाड' क्षेत्र का सम्बन्ध निम्नलिखित में से भारत के किस पठार से है?

(A) तेलंगाना का पठार

(B) महाराष्ट्र का पठार

(C) कर्नाटक का पठार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30.** दक्षिणी प्रायद्वीपीय उच्चभूमि _____ का भाग है।

(A) गोण्डवाना लैन्ड

(B) लॉरेंशिया लैन्ड

(C) अन्टार्कटिका महाद्वीप

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31.** भारत की कुल जनसंख्या के सापेक्ष बिहार की जनसंख्या का प्रतिशत क्या है?

(A) 8·58%

(B) 10·10%

(C) 12·25%

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा बिहार के दक्षिण गंगा क्षेत्र से मेल **नहीं** खाता है?

(A) पटना–मुंगेर

(B) गया–अरवल

(C) पटना–वैशाली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** Who is called the 'Prophet of New India'?

(A) Raja Ram Mohan Roy

(B) Dayananda Saraswati

(C) Dadabhai Naoroji

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**34.** Which revolt is mentioned in *Anandamath* of Bankim Chandra Chattopadhyay?

(A) Sannyasi

(B) Santhal

(C) Indigo

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**35.** Who was the founder of 'Abhinav Bharat' in London?

(A) Vinayak Damodar Savarkar

(B) P. M. Bapat

(C) Shyamji Krishna Varma

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**36.** Where was the Ghadar Party established?

(A) France

(B) Germany

(C) United States of America

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**37.** Who was appointed as the 'Commander in Chief' by Birsa Munda?

(A) Demka Munda

(B) Gaya Munda

(C) Sundar Munda

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**38.** Who formed the Bihar Socialist Party?

(A) Phulan Chand Tiwari and Rajendra Prasad

(B) Phulan Prasad Varma and Jayaprakash Narayan

(C) Raj Kumar Shukla and Swami Agnivesh

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**39.** In which year was the 'Bihar Provincial Congress Committee' formed with its headquarters at Patna?

(A) 1908

(B) 1910

(C) 1906

(D) More than one of the above

(E) None of the above

**40.** Who established a branch of the Anushilan Samiti in Patna in 1913?

(A) Ramananda Sinha

(B) Satish Jha

(C) Sachindra Nath Sanyal

(D) More than one of the above

(E) None of the above

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** 'नवभारत का पैगम्बर' कौन कहलाता है?

(A) राजा राममोहन राय

(B) दयानन्द सरस्वती

(C) दादाभाई नौरोजी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय के *आनन्दमठ* में किस विद्रोह का उल्लेख है?

(A) सन्न्यासी

(B) सन्थाल

(C) नील

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**35.** लंदन में 'अभिनव भारत' का संस्थापक कौन था?

(A) विनायक दामोदर सावरकर

(B) पी० एम० बापट

(C) श्यामजी कृष्ण वर्मा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36.** ग़दर पार्टी की स्थापना कहाँ पर हुई थी?

(A) फ्रांस

(B) जर्मनी

(C) संयुक्त राज्य अमेरिका

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** बिरसा मुण्डा द्वारा किसको 'कमान्डर इन् चीफ' नियुक्त किया गया था?

(A) देमका मुण्डा

(B) गया मुण्डा

(C) सुन्दर मुण्डा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** बिहार समाजवादी पार्टी का गठन किन्होंने किया था?

(A) फूलनचंद तिवारी और राजेन्द्र प्रसाद

(B) फूलन प्रसाद वर्मा और जयप्रकाश नारायण

(C) राजकुमार शुक्ल और स्वामी अग्निवेश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**39.** 'बिहार प्रॉविन्सियल काँग्रेस कमेटी' जिसका मुख्यालय पटना में है, का गठन किस वर्ष हुआ?

(A) 1908

(B) 1910

(C) 1906

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** 1913 में पटना में अनुशीलन समिति की एक शाखा की स्थापना किसने की थी?

(A) रामानन्द सिन्हा

(B) सतीश झा

(C) शचीन्द्रनाथ सान्याल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART—II

## ( PRAKRIT )

**41.** प्राकृत को किस भाषा-समूह के अंतर्गत जाना जाता है?

(A) द्रविड़ भाषा

(B) प्राचीन भारतीय आर्यभाषा

(C) मध्यभारतीय आर्यभाषा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** 'रावणवहो' किस ग्रंथ का अपर नाम है?

(A) कंसवहो

(B) सेतुबन्ध

(C) गउडवहो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** ''धण्णाबहिरंधलिया दो च्चिय जीवंति माणुसे लोए''—यह गाथा किस वज्जा से उद्धृत की है?

(A) सज्जणवज्जा

(B) दुज्जणवज्जा

(C) मित्तवज्जा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**44.** अशोक के अभिलेखों की प्राकृत को किस युग की प्राकृत के रूप में जाना जाता है?

(A) द्वितीय युगीन

(B) प्रथम युगीन

(C) तृतीय युगीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**45.** 'दिगम्बर' आगम ग्रंथों की भाषा है

(A) शौरसेनी

(B) अर्द्धमागधी

(C) मागधी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**46.** शौरसेनी आगम साहित्य का कौन-सा ग्रंथयुग्म सही है?

(A) उत्तराध्ययनसूत्र–अष्टपाहुड

(B) विपाकसूत्र–रयणसार

(C) णियमसार–पंचास्तिकाय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**47.** ''धम्मत्थदयारहियो गुरुवयणविवज्जयो अलियवाई परममणिरमणकामो सिस्संको माणसोण्डीरो।'' यह पद्यांश किस कथा से उद्धृत है?

(A) भरियासील परिक्खा

(B) अगडदत्तकहा

(C) अमंगलिय-पुरिसस्सकहा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**48.** 'मृच्छकटिकम्' रूपक की कौन-सी विधा है?

(A) नाटक

(B) प्रकरण

(C) प्रहसन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**49.** ''सो पिउस्स सगासंमि सिप्पफलं सिक्खंतो कमेण पिअराओ वि अईव वहइ।'' यह पंक्ति किस कथा से उद्धृत है?

(A) सिप्पि पुत्तस्स कहा

(B) जहाउचरियं

(C) भयवं बाहुबली

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**50.** '' 'प्राकृतेति' सकलजगज्जन्तुनां व्याकरणादि-भिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्।''

इन विद्वानों में से किनकी उक्ति है?

(A) मार्कण्डेय

(B) धनिक

(C) नमिसाधु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**51.** ''को चिंतरमउरं गइं च को कुणइ रायहंसाणं''— यह पंक्ति किस कथा से उद्धृत है?

(A) अगडदत्तकहा

(B) मेहेसूरावी

(C) अमंगलिय-पुरिसस्सकहा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**52.** ''किं एसा अमरविलासिणी उ अह होज्ज
नागकन्न व्व।
कमल व्व किं नु एसा सरस्सई किं
व पच्चक्खा।''

उपर्युक्त पद्य किस कथा से उद्धृत है?

(A) अमंगलिय-पुरिसस्सकहा

(B) अगडदत्तकहा

(C) मेहेसूरावी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**53.** ''जीवणं विणा तव कावि इच्छा सिया,
तया मग्गियव्वा।''

उपर्युक्त पंक्ति किस कथा से उद्धृत है?

(A) अगडदत्तकहा

(B) अमंगलिय-पुरिसस्सकहा

(C) भारियासील परिक्खा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** अशोक के गिरनार शिलालेख किस लिपि में उत्कीर्ण हैं?

(A) ब्राह्मी

(B) शारदा

(C) देवनागरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**55.** '' 'छिज्जइ सीसं' अह होऊ बंधणं वयउ
सव्वहा लच्छी''

उपर्युक्त पंक्ति किस कथा से उद्धृत है?

(A) छत परिक्खा

(B) अगडदत्तकहा

(C) मेहेसूरावी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** ''गिरिनयरे घणसत्थवाहस्स धूयं धणसिरिं पडिरुवेणं सूकेणं समुद्दत्तस्स वरेइ''

यह पंक्ति किस कथा से उद्धृत है?

(A) भारियासील परिक्खा

(B) पाउसकालो

(C) दयाधम्मो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** '' 'तुम्हाणं' मुहपेक्खणेण मम वहो भविस्सइ''

यह पंक्ति किस कथा से उद्धृत है?

(A) मेहेसूरावी

(B) मूढा किसयस्सकला

(C) अमंगलिय-पुरिसस्सकहा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**58.** उपरूपकों में कौन-सी विधा प्राकृत भाषा में निबद्ध है?

(A) हल्लीश

(B) नाटिका

(C) सट्टक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**59.** ''थद्वो वकग्गीवो अंवचियो विसमदिट्ठि-दुप्पेच्छो।''

यह उक्ति किसमें से उद्धृत है?

(A) नीइवज्जा

(B) मित्तवज्जा

(C) दुज्जणवज्जा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**60.** 'सेतुबन्ध' महाकाव्य के लेखक हैं

(A) महाकवि हाल

(B) प्रवरसेन

(C) वाक्पतिराज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** वररुचि का 'प्राकृत-प्रकाश' कितने परिच्छेदों में विभक्त है?

(A) 8

(B) 10

(C) 11

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62.** ''शौरसेनी के कुछ नियमों का विवेचन कर शेष नियमों को महाराष्ट्री के समान (शेषं महाराष्ट्रीवत्) समझना चाहिए।''

यह किसने कहा?

(A) हेमचन्द्र

(B) वररुचि

(C) मार्कण्डेय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**63.** भगवान् महावीर ने अर्हत्व प्राप्ति के उपरान्त किस भाषा में उपदेश प्रदान किया?

(A) अर्धमागधी

(B) महाराष्ट्री

(C) शौरसेनी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**64.** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना आचार्य हरिभद्र की **नहीं** है?

(A) धूर्ताख्यान

(B) आनन्दसुन्दरी

(C) अनेकान्तवादप्रवेश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**65.** महेन्द्रसूरि-विरचित 'नम्मयासुंदरी कहा' में नर्मदा सुंदरी का विवाह किसके साथ हुआ था?

(A) महेश्वरदत्त

(B) वीरदास

(C) जिनदेव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**66.** आचार्य हेमचन्द्र के उपदेशों से प्रभावित होकर गुजरात के चालुक्य राजा कुमारपाल ने जैन-धर्मों को अंगीकार किया था।

यह किस ग्रन्थ का मुख्य विषय है?

(A) णाणपंचमी कहा

(B) रयणसेहरी कहा

(C) कुमारवालपडिबोह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**67.** हरिभद्रसूरि-विरचित 'उवएसपद' के उपर 'सुखबोधिनी' नामक टीका की रचना किसने की?

(A) रुद्रसूरि

(B) चन्द्रसूरि

(C) जयसिंहसूरि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**68.** 'महावीरचरिय' में श्लोकों की संख्या है

(A) 11025

(B) 12025

(C) 13025

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** लक्ष्मणगणि ने किसकी रचना की है?

(A) सुपासनाहचरिय

(B) महावीरचरिय

(C) सुरसुंदरीचरिय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**70.** 'उत्तरज्झयण' नामक ग्रन्थ में विनयधर्म का वर्णन किस अध्ययन में किया गया है?

(A) प्रथम अध्ययन में

(B) द्वितीय अध्ययन में

(C) तृतीय अध्ययन में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**71.** 'कुमारवालचरिय' के रचयिता कौन हैं?

(A) वररुचि

(B) हेमचन्द्र

(C) श्रीकण्ठ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72.** निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ सट्टक **नहीं** है?

(A) कर्पूरमञ्जरी

(B) चंदलेहा

(C) आनन्दसुन्दरी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**73.** एगया तस्स पिआ कज्जप्पसंगेण गामंतरे गओ, तया सो सोमदत्तो सिरिगणेसस्स सुंदरयमं पडिमं काऊण, पडिमाए हिट्ठंमि नियनामंकियचिन्हं करिऊण, तं मुत्तिं नियमित्तद्दारेण भूमीए अंतो निक्खेव कारेइ।

उपर्युक्त गद्यांश में किस मूर्त्ति का तथा कहाँ पर रखने की बात कही गयी है?

(A) गदाधर एवं भूमि के नीचे

(B) गदाधर एवं भूमि के उपर

(C) गणेश एवं भूमि के नीचे

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**74.** सीलवईअ दिट्ठंतं ससुराइविवोहगं।
सोच्चा धम्मेण अप्पाणं वासिअं कुण सव्वया॥

उपर्युक्त उपदेश वाक्य निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?

(A) धर्म

(B) अर्थ

(C) काम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**75.** पुत्तो वि पुट्ठो, तेण वि उत्तं-रत्तीए समयधम्मो-वएसपराए भज्जाए संसारासारदंसणेण भोग-विलासाणं च परिणामदुहदाइत्तणेण वासाईपूर-तुल्लजुव्वणत्तणेण य देहस्स खणभंगुरत्तणेण जयम्मि धम्मो एव सारु त्ति उवदिट्ठो हं सव्वण्णु-धम्माराहगो जाओ, अज्ज पंचवासा जाया। तओ वहूए मं उदिस्स पंचवासा कहिआ, तं सच्चं एवं कुडंबस्स धम्मपत्तीए वड्ढाए विउसीए य पुत्तवहूए जहत्थवयणं सोऊण लच्छीदासो वि पडिबुद्धो बुड्ढत्तेण वि धम्मं आराहिअ सग्गइं पत्तो सपरिवारो।

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य ठीक है?

(A) संसार असार है।

(B) भोगविलास का परिणाम दुःखदायी है।

(C) यह संसार दुःखों से ग्रस्त है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**76.** अत्थि इहेव जम्बूद्दीवे दीवे, अवरविदेहे वासे-मंडियं, नलिणिवणसंछन्नपरिहासणाहं सुविभत्ततिय उचक्क चच्चरं, भवणेहिं जियसुरिन्दभवणसोहं खिइपइट्ठियं नाम नयरं।

उपर्युक्त गद्यांश में नगर का नाम है

(A) क्षितिप्रतिपत्ति

(B) क्षितिप्रतिपादित

(C) क्षितिप्रतिष्ठित

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** अत्थि इमम्मि चेय लोए जंबूदीवे भारहे वासे वेयड्ढदाहिणमज्झिमखंडे उत्तरावहं णाम पहं। तत्थ तक्खसिला णाम णयरी। तीए य णयरीए पच्छिमदक्खिणदिसाभाए उच्चत्थलं णाम गामं, सग्गणयरं पिव सुरभवणेंहि, पायालं पिव विविहरयणेहिं गोट्ठंगणं पिव गो—संपयाए धणयपुरीविय धणं संपयाए त्ति।

उपर्युक्त गद्यांश में गाँव का नाम है

(A) तक्षशीला

(B) जनकपुरी

(C) उच्चस्थल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**78.** तओ उद्धाइओ इमस्स लोभो बाहिउंपयत्तो, तम्हा भणिओ य णाण जणओ ताय! अहं तुरंगमे घेत्तूण दक्खिणावहं वच्चामि। तत्थ वहुयं अत्थं विढवेमो। जेण उवभुंजामोत्ति।

उपर्युक्त गद्यांश में सार्थवाह का पुत्र क्या लेकर दक्षिणापथ जाना चाहता था?

(A) हाथी

(B) घोड़ा

(C) ऊँट

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**79.** इमो वि लोहदेवो संपतो दक्खिणावहं केण वि कालंतरेण। समावासिओ सोप्पारए णयरे भद्दसेट्ठीणाम जुझणसेट्ठी तस्स गेहम्मि। तओ केण वि कालंतरेण महग्घ मोल्ला दिण्णा ते तुरंगमा। विढत्तं महंतं अत्थसंचयं। तं च धेत्तूणं सदेसहुत्तंगंतुमणो सो सत्थवाहपुत्तो ति।

उपर्युक्त गद्यांश में कथित नगर का नाम है

(A) भद्रश्रेष्ठि

(B) सोतारक

(C) सोपारक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**80.** एत्थंतरे पविट्ठो मोयगनिमित्तमब्भन्तरे परसमायरिओ। जाव न किंचि तत्थ पेच्छइ। तओ अदन्नचित्तो भुल्लो अहं मोयगवक्खारियाए तो पुणो वि तद्दंसणात्थं सुवामि। तं पुण लोगरोलं निवारेहि त्ति भणिऊण चेल्लयं सो पसुत्तो।

उपर्युक्त गद्यांश के अनुसार, मठ का गुरु क्यों सो गया?

(A) बहुत रात होने के कारण

(B) अत्यधिक परिश्रम होने के कारण

(C) लड्डुओं को देखने के कारण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**81.** प्राकृत भाषा कहाँ की भाषा है?

(A) भारत

(B) जापान

(C) चीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**82.** प्राकृत भाषा किस भाषा परिवार से सम्बद्ध है?

(A) द्रविड़ परिवार

(B) भारोपीय परिवार

(C) सेमेटिक परिवार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**83.** प्राकृत भाषा का विकास किस भाषा से हुआ है?

(A) उर्दू भाषा

(B) आंग्ल भाषा

(C) हिन्दी भाषा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** 'आचारांगसूत्र' है

(A) आगम ग्रंथ

(B) खण्डकाव्य

(C) महाकाव्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** 'सूत्रकृतांग' है

(A) खण्डकाव्य

(B) नाटक

(C) सट्टक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**86.** आगम साहित्य किसकी रचना है?

(A) कवि

(B) कालिदास

(C) भवभूति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**87.** गृहस्थ-जीवन का व्रत (श्रावकव्रत) किस ग्रंथ में वर्णित है?

(A) आचारांग

(B) उपासकदशांग

(C) सूत्रकृतांग

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** 'समयसार' किसकी रचना है?

(A) गणधर

(B) कुन्दकुन्द

(C) बट्टकेर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** 'पञ्चास्तिकाय' किस प्राकृत में विरचित है?

(A) महाराष्ट्री प्राकृत

(B) शौरसेनी प्राकृत

(C) मागधी प्राकृत

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in
Prepp Your Personal Exams Guide

**90.** 'द्रव्यसंग्रह' में कितने द्रव्य वर्णित हैं?

(A) 4

(B) 5

(C) 6

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**91.** 'द्रव्यसंग्रह' के रचनाकार कौन हैं?

(A) नेमिचन्द

(B) कुन्दकुन्द

(C) बट्टकेर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**92.** 'गाथासप्तशती' के रचनाकार हैं

(A) महाकवि चूड़ामणि

(B) महाकवि हाल

(C) राजशेखर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**93.** प्राकृत नाटक को क्या कहते हैं?

(A) रूपक

(B) काव्य

(C) खण्डकाव्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**94.** 'मृच्छकटिकम्' का नायक कौन है?

(A) गुणसेन

(B) उदयन

(C) चारुदत्त

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**95.** 'समराइच्चकहा' के रचनाकार कौन हैं?

(A) आचार्य हरिभद्र

(B) कुन्दकुन्द

(C) नेमिचन्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**96.** 'भगवती आराधना' के लेखक कौन हैं?

(A) बट्टकेर

(B) शिवार्य

(C) नेमिचन्द

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**97.** 'सुहासिय संगहो' का अर्थ क्या होता है?

(A) कथा-संग्रह

(B) नाटक-संग्रह

(C) सुभाषित संग्रह

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**98.** 'कार्तिकेयानुप्रेक्षा' में क्या वर्णित है?

(A) द्रव्य

(B) तत्त्व

(C) अनुप्रेक्षा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**99.** 'सेतुबन्ध' क्या है?

(A) खण्डकाव्य

(B) महाकाव्य

(C) नाटक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**100.** 'वज्जालग्गं' के संकलनकर्ता कौन हैं?

(A) नेमिचन्द

(B) हाल

(C) जयवल्लभ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**101.** प्राकृत की विभक्तियों की संख्या कितनी है?

(A) 7

(B) 6

(C) 8

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**102.** निम्नलिखित में से कौन-सा तालव्यीकरण का उदाहरण **नहीं** है?

(A) सच्चं

(B) किच्चा

(C) सक्क

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**103.** प्राकृत में 'अ' ध्वनि से परे स्थित विसर्ग का ______ होता है।

(A) आ

(B) इ

(C) ओ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**104.** प्राकृत ग्रंथों में सबसे प्राचीन व्याकरण ग्रंथ है

(A) प्राकृत सर्वस्व

(B) प्राकृत लक्षण

(C) प्राकृत-प्रकाश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**105.** गाहाछन्द में कुल मिलाकर कितनी मात्राएँ होती हैं?

(A) 41

(B) 57

(C) 35

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**106.** महाराष्ट्री प्राकृत में 'ष्ट' का परिवर्तन ______ होता है।

(A) स्ट

(B) ट्ठ

(C) ड्ढ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Prepp
Your Personal Exams Guide

**107.** वर्तमान काल प्रथमपुरुष एकवचन में 'पढ' धातु का कौन-सा रूप होगा?

(A) पढइ

(B) पढसि

(C) पढंति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**108.** 'ग' वर्णों का उच्चारण-स्थान है

(A) तालु

(B) दन्त

(C) कण्ठ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**109.** समास आदि में, जो पद प्रधान न होकर गौण होता है उसके अन्तिम 'ऋ' के स्थान में क्या आदेश होता है?

(A) अ

(B) इ

(C) उ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**110.** शौरसेनी प्राकृत में 'थ' के स्थान में विकल्प से क्या होता है?

(A) घ

(B) झ

(C) ढ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**111.** 'देशः' का प्राकृत रूप क्या है?

(A) देसो

(B) देषः

(C) देसु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**112.** 'तेण' में कौन-सी विभक्ति है?

(A) प्रथमा

(B) द्वितीया

(C) तृतीया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**113.** 'देव' शब्द का तृतीया एकवचन का रूप है

(A) देवा

(B) देवेण

(C) देवस्स

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**114.** 'इमो' क्या है?

(A) क्रिया

(B) अव्यय

(C) सर्वनाम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**115.** 'सव्व' शब्द का चतुर्थी एकवचन रूप क्या होगा?

(A) सव्वेण

(B) सव्वस्स

(C) सव्वाणं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**116.** 'तत्थ' क्या है?

(A) अव्यय

(B) क्रिया

(C) कारक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**117.** 'हसिहिमि' किस काल का रूप है?

(A) भूतकाल

(B) भविष्यत्काल

(C) वर्तमान काल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**118.** 'गच्छिस्सामि' किस काल का है?

(A) वर्तमान काल

(B) भूतकाल

(C) भविष्यत्काल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**119.** 'झत्ति' का अर्थ क्या है?

(A) शीघ्र

(B) पूर्ण

(C) आधा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**120.** 'राम' शब्द का तृतीया एकवचन रूप है

(A) रामस्स

(B) रामाय

(C) रामेण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

www.prepp.in

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान

Prepp
Your Personal Exams Guide

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए स्थान**

Prepp Your Personal Exam Guide

★ ★ ★

Prepp
Your Personal Exams Guide

**18/HV/M–2023–10**

पुस्तिका शृंखला

**A**

उम्मीदवार का अनुक्रमांक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

प्रश्न-पुस्तिका

# सामान्य अध्ययन एवं प्राकृत

## पत्र—4

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 120**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें।**

## महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. यह प्रश्न-पुस्तिका दो भागों में विभाजित है—भाग–I एवं भाग–II। भाग–I में **सामान्य अध्ययन** के प्रश्न हैं तथा भाग–II में **प्राकृत** के प्रश्न हैं।
2. भाग–I में प्रश्न संख्या **1** से **40** तक (प्रश्न और उनके उत्तर अंग्रेजी एवं हिन्दी में मुद्रित हैं) तथा भाग–II में प्रश्न संख्या **41** से **120** तक हैं।
3. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।
4. **भाग–I** एवं **भाग–II** के प्रश्नों का उत्तर दें।
5. **परीक्षा आरम्भ होते ही आप अपनी प्रश्न-पुस्तिका की जाँच कर देख लें कि इसके ऊपर दायीं ओर प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला मुद्रित है। कृपया जाँच लें कि पुस्तिका में रफ़ कार्य हेतु चार पृष्ठों (पृष्ठ सं॰ 28 से 31) सहित पूरे 32 मुद्रित पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न या पृष्ठ बिना छपा हुआ या फटा हुआ या दोबारा आया हुआ तो नहीं है। पुस्तिका में किसी प्रकार की त्रुटि पाने पर तत्काल इसके बदले इसी शृंखला की दूसरी सही पुस्तिका ले लें।**
6. इस पृष्ठ के ऊपर निर्धारित स्थान में अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें। प्रश्न-पुस्तिका पर और कुछ न लिखें।
7. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको वीक्षक द्वारा अलग से उत्तर पत्रक दिया जायेगा। **अपने उत्तर पत्रक के पृष्ठ-1 पर निर्धारित स्थान में अपना नाम, अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका शृंखला तथा अन्य विवरण अवश्य लिखें अन्यथा आपका उत्तर पत्रक जाँचा नहीं जायेगा।**
8. उत्तर पत्रक के **पृष्ठ-2** पर निर्धारित स्थान में अपने **अनुक्रमांक** तथा **प्रश्न-पुस्तिका की शृंखला A, B, C या D** जैसा इस प्रश्न-पुस्तिका के आवरण पृष्ठ के ऊपर दायीं ओर अंकित है, से सम्बन्धित वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से अवश्य कूटबद्ध करें। **उत्तर पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका शृंखला अंकित नहीं करने अथवा गलत शृंखला अंकित करने पर उत्तर पत्रक का सही मूल्यांकन नहीं होगा।**
9. प्रत्येक प्रश्न के **पाँच** उत्तर—(A), (B), (C), (D) और (E) क्रम पर दिये गये हैं। उनमें से आप सबसे सही **केवल एक** उत्तर को चुनें और अपने उत्तर पत्रक पर अंकित करें। आपका कुल प्राप्तांक आपके द्वारा उत्तर पत्रक में अंकित सही उत्तरों पर निर्भर करेगा।
10. उत्तर पत्रक में प्रत्येक प्रश्न संख्या के सामने **पाँच** वृत्त इस प्रकार बने हुए हैं—Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ और Ⓔ। प्रश्नों के उत्तर देने के लिए आपको अपनी पसन्द के **केवल एक** वृत्त को काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन से चिह्नित करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक उत्तर को चुनें और उसे अपने उत्तर पत्रक में चिह्नित करें। आप उत्तर पत्रक में यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त में निशान लगाते हैं, तो आपका उत्तर गलत माना जायेगा। **उत्तर पत्रक में उत्तर को चिह्नित करने के लिए केवल काली/नीली स्याही के बॉल-पॉइन्ट पेन का ही प्रयोग करें। किसी भी प्रकार का काट-कूट अथवा परिवर्तन मान्य नहीं है।**
11. उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किये गये अंकों का **एक-चौथाई** अंक **दण्ड** के रूप में काटा जायेगा।
12. प्रश्न-पुस्तिका से कोई पन्ना फाड़ना या अलग करना मना है। प्रश्न-पुस्तिका और उत्तर पत्रक को परीक्षा अवधि में परीक्षा भवन से बाहर कदापि न ले जायें। **परीक्षा के समापन पर उत्तर पत्रक वीक्षक को अवश्य सौंप दें।** उसके बाद आपको अपनी प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
13. ऊपर के अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन नहीं करने पर आप पर आयोग के विवेकानुसार कार्रवाई की जा सकती है अथवा आपको दण्ड दिया जा सकता है।
14. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक को अपनी उपस्थिति में Self Adhesive LDPE Bag में पूरी तरह से पैक/सील करवाने के उपरांत ही परीक्षाकक्ष को छोड़ें।

**Note** : English version of the instructions is printed on the First Page of this Booklet.